# CBSE Class – 4 Hindi
## NCERT Solutions
### रिमझिम पाठ- 4. पापा जब बच्चे थे

<u>तुम्हारी बात</u>

**(क) पापा ने जितने काम सोचे, उनमें से तुम्हें सबसे दिलचस्प काम कौन-सा लगता है? क्यों?**

**उत्तर-** मुझे वायुयान चालक बनना सबसे दिलचस्प काम लगा क्योंकि वायुयान चालक बनकर मैं आसमान में उड़ने का मजा ले सकता हूँ|

**(ख) क्या तुम्हें भी घर में बता या जाता है कि तुम्हें बड़े होकर क्या काम करना है ? कौन - कौन कहता है ? क्या कहता है ?**

**उत्तर -** हाँ, मुझे घर में भी बताया जाता है कि मुझे बड़े होकर क्या काम करना है| मेरी मम्मी कहती कि मैं डॉक्टर बनूँ, जबकि पापा कहते हैं कि मैं इंजीनियर बनूँ |

**(ग) अपनी मम्मी या पापा से बात करो कि वह जब बच्चे थे तब वे बड़े होकर क्या करने की सोचते थे?**

**उत्तर-** मेरे पापा जब बच्चे थे तब उन्हें खेलने में बहुत मजा आता था इसलिए वह खिलाड़ी बनना चाहते थे| बाद में जब स्कूल में उन्होंने देखा कि सारे बच्चे टीचर का कहना मानते हैं तो उन्होंने टीचर बनने की सोची| फिर उन्हें लगा कि ड्राइवर बनने में तो बहुत मजा है, खूब घूमने को मिलेगा| फिर उन्होंने सोचा कि वह पुलिसवाला बनकर सब पर रोब मारेगें |

**(घ) अपने घर के किसी भी एक सदस्य से उसके काम के बारे में जानकारी हासिल करो |**

**प्रश्न- पता करो उसके काम को किस नाम से जाना जाता है ?**

**उत्तर -** मेरी अंकल एक ऑफिस में काम करते हैं| उन्हें क्लर्क के नाम से जाना जाता है|

**प्रश्न- उस काम को अच्छी तरह करने के लिए कौन-कौन सी बातें मालूम होनी चाहिए ?**

**उत्तर-** उस काम को अच्छी तरह करने के लिए हिंदी और अंग्रेजी पढ़ना-लिखना आना चाहिए| हिसाब-किताब करना आना चाहिए| कंप्यूटर चलाने की जानकारी होनी चाहिए|

**प्रश्न- उन्हें अपने काम में किन बातों से परेशानी होती है ?**

**उत्तर-** जब वह किसी एक काम को कर रहे होते हैं और बीच में कोई दूसरा काम लेकर पहुँच जाता है, तब उन्हें परेशानी होती है|

<u>कहानी से आगे</u>

**शुरू-शुरू में पापा चौकीदार बनना चाहते थे|**

**(क) चौकीदार रात को भी काम करते हैं| इसके अलावा और कौन-कौन से कामों में रात को जागना पड़ता है?**

**उत्तर-** अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर और नर्सों को रात को जागना पड़ता है| ड्राइवर, पुलिस वाले, फ़ौजी, कॉल सेंटर वाले भी रात को जागकर काम करते हैं|

**(ख) क्या तुम किसी व्यक्ति को जानते हो जो एक से ज्यादा तरह के काम करता है ? उस व्यक्ति के बारे में बताओ |**

**उत्तर -** मेरे पडोसी अंकल एक से ज्यादा तरह के काम करते हैं| वे सुबह-सुबह दूध बाँटते हैं| फिर एक फैक्टरी में ड्यूटी करने जाते हैं| शाम को गोलगप्पे की दुकान लगाते हैं|

---

<u>पापा खेलें-शेख चिल्ली कहता है</u>

**पापा अपने पैर से कान के पीछे नहीं खु जा पाते थे | आओ देखें, तुम कौन-कौन से काम कर सकती हो ! एक खेल खेलते हैं| खेल का नाम है- शेखचिल्ली कहता है | तुममें से एक बनेगा शेख चिल्ली | जो शेखचिल्ली कहेगा , बा की सबको वैसे ही करना है |**

**शेखचिल्ली इस तरह के आदेश दे सकता है -**

**शेखचिल्ली कह ता हैं - अपने दाएं हाथ को सिर के पीछे से ले जाकर नाक को पकड़ो**

**अपने दाएं हाथ को दा यी टाँग के नीचे से ले जाकर दा याँ कान पकड़ो |**

**शेखचिल्ली कह ता हैं - खड़े होकर झुको|**

**अपने हाथों से पैरों को छु ओ|**

**सर अपने घुटनों से लगाओ**

**ध्यान रहे , तुम्हें केवल वही आदेश मानना है जिसके साथ जुड़ा हो - शेखचिल्ली क हता है ! अगर तुमने कोई और आदेश मान लिया तो तुम खेल से बाहर हो जाओगे |**

---

<u>सोच-विचार</u>

**अफसर के जाने के बाद पापा बहुत सोचते रहे | बताओ, वह क्या-क्या सोच रहे होंगे ? सही(सत्य ) का निशान लगाओ |**

*** यह अफ सर आख़िर है कौन ?**

*** अब मैं रोज़ - रोज़ अपना इरादा नहीं बदल सकता |**

*** कुत्ता बनना बड़ा कठिन काम है |**

*** ये फौजी अफसर मुझ पर हँसा क्यों नहीं , बाकी सब तो हॅसते हैं |**

*** इस अफसर को कुत्ता बनना नहीं आता | इसलिए मुझे बहका रहा है |**

**उत्तर -** यह आखिर कौन सा अफसर है?

* अब मैं रोज-रोज अपना इरादा नहीं बदल सकता|

* कुत्ता बनना बड़ा कठिन काम है|

* यह फौजी अफसर मुझ पर हँसा क्यों नहीं, बाकी सब तो हँसते हैं|

* इस अफसर को कुत्ता बनना नहीं आता इसलिए मुझे बहका रहा है|

* मुझे तो पता नहीं कि इंसान किसे कहते हैं|

* मैं इंसान बनना चाहता हूँ|

---

<u>**अगर.....**</u>

**पापा ने कहा, “अपना ठेला मैं स्टेशन के पास ही खड़ा करूँगा|”**

**(क) अगर तुम पापा की जगह होतीं तो ठेला कहाँ लगातीं? ऐसा तुमने क्यों तय किया?**

**(ख) अगर तुम रेल से सफ़र करोगी तो तुम्हे प्लेटफॉर्म और रेलगाड़ी में कौन-कौन लोग नज़र आएँगे?**

**उत्तर-(**क) अगर मैं पापा की जगह होती तो बाजार में ठेला लगाती| ऐसा मैंने इसलिए तय किया क्योंकि बाज़ार में अधिक बिक्री होगी|

(ख) प्लेटफॉर्म और रेलगाड़ी में मुझे मुसाफिर, कुली, टी.टी.ई., सिपाही, सामान बेचने वाले आदि नज़र आएँगे|

<u>परिवार</u>

**पापा के पापा को दादा कहते हैं| इन्हें तुम अपने घरमें क्या कहकर बुलाओगी?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पापा के पापा** | | **माँ के पापा** | |
| **पापा की माँ** | | **माँ की माँ** | |
| **पापा के बड़े भाई** | | **माँ के भाई** | |
| **पापा की बहन** | | **माँ की बहन** | |
| **पापा के छोटे भाई** | | **बहन के पति** | |

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दादा जी | | नाना जी |
| | दादा जी | | नानी जी |
| | ताऊ जी | | मामा जी |
| | बुआ जी | | मौसी जी |
| | चाचा जी | | जीजा जी |

<u>एक शब्द के बदले दूसरा</u>

**पापा को वायुयान चालक बनने की सू झी| इसके बाद उन्होंने अभिनेता बनने की सो ची| इसके अलावा <u>वह</u> जहाज बनाना चाहते थे |**

**ऊपर के वाक्य में <u>उन्होंने</u> और <u>वह</u> का इस्तेमाल पापा की जगह पर हुआ है | हम अक्सर एक ही शब्द को दोहराने की बजाय उसकी जगह किसी दूसरे शब्द का इस्तेमाल करते हैं <u>मैं</u> , <u>तुम</u> , <u>इस</u> ऐ से ही शब्द है |**

**(क) पार्ट में ऐसे शब्दों के पाँच उ दाह रण छाँटो |**

**उत्तर -(**1) पापा जब बच्चे थे तो **उनसे** अक्सर पूछा जाता था|

(2) मगर **उनका** जवाब हर बार अलग-अलग होता था|

(3) **उन्हें** पक्का यकीन था कि वह बड़े होकर चौकीदार ही बनेंगे|

(4) **यह** सचमुच समस्या थी|

(5) **उसे** अगली यात्रा के लिए तैयार करना होता है|

**(ख) इनकी मदद से वाक्य बनाओ |**

**उत्तर -**(1) **उनसे** - राधा ने उनसे कोई बात नहीं की|

(2) **उनका** - अभिनव उनका बड़ा भाई है|

(3) **उन्हें** - उन्हें क्यों नहीं आए|

(4) **यह** - यह पूनम की किताब है

(5) **उसे** - उसे आइसक्रीम बहुत अच्छी लगती है|

---

**कौन-किसमे तेज**

*** सभी बच्चे और बड़े किसी न किसी काम में माहिर होते हैं | कोई साईकिल चलाने में होशियार होता है तो कोई चित्र बनाने में तेज होता है | तुम्हारे दोस तों और परिवार में कौन किस काम में माहिर है ? उनके नाम लिखो |**

*** जो बढ़िया कहनी गढ़ सकते हैं .......**

*** जो खूबसूरत कढ़ाई कर सकते हैं .......**

*** जो कलाबाजिया ँ खा सकते हैं .......**

*** जो दूसरों की बढ़िया नकल उतार सकते हैं .....**

*** जो हा थ से बढ़िया स्वेटर बुन सकते हैं ......**

*** जो सबके सामने किसी चीज के बारे में दो मिनट तक बता सकते हैं ...**

*** जो कठिन पहेलिया सुलझा सकते हैं .......**

*** जो खुलकर जोर से ह ँ स सकते हैं .......**

*** जो तरह - तरह की आवाजे बना सकते हैं ......**

*** जो अंदाजे से ही चीजों का सही मा प या वजन बता सकते हैं ...**

*** जो बढ़िया अभिनय कर सकते हैं ........**

*** जो बेकार पड़ी चीजो से सुंदर चीजें बना सकते हैं .**

**उत्तर -** बच्चे अपने दोस्त और परिवार के उन लोगों के नाम लिखे जो यह काम करने में माहिर हैं|

---

**तुम किन-किन चीजों में माहिर जो, यह भी बताओ |**

**उत्तर -** में ड्राइंग बनाने, क्रिकेट खेलने और गिटार बजाने में माहिर हूँ|

**नोट** - बच्चे अपनी रुचि के अनुसार लिखे कि वे किन चीजों में माहिर हैं| जैसे ड्राइंग, गीत गाना, क्रिकेट खेलना, पढ़ना-लिखना, तबला बजाना आदि|

---

**कैसे थे पापा**

**नीचे लिखी पंक्तियाँ पढो| इन पक्तियों के आधार पर बातों कि तुम पापा के बारे में क्या सोचती हो?**

**(क) पापा के पास जवाब हमेशा तैयार होता था|**

**ऐसा लगता है कि पापा बहुत चतुर थे|**

---

**(ख) पापा का जवाब हमेशा अलग-अलग होता था|**

**ऐसा लगता है कि .............**

**(ग) मैं छोटे बच्चों को मुफ्त में आइसक्रीम दिया करूँगा|**

**ऐसा लगता है कि ............**

**(घ) रात में करने के लिए होता ही क्या है? रात में मैं चौकीदारी करूँगा|**

**ऐसा लगता है कि ..........**

**उत्तर-(**क) पापा बहुत चतुर थे|

(ख) पापा चंचल मन वाले थे और वे भ्रम में पड़े हुए थे|

(ग) पापा बच्चों से बहुत प्यार करते थे|

(घ) पापा हमेशा काम करते रहना चाहते थे|